**दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता (SUSV) के अन्तर्गत शहरों में शहर स्तरीय निविदा के माध्यम से चयनित एजेन्सियों द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे एवं शहरी पथ विक्रेता प्लान (CSVP) तैयार किये जा रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु मिशन निदेशक, SULM, UP की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2017 को सभागार सूडा, उ0प्र0 में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

दीनदयाल अन्त्योदय योजनाः राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता (SUSV) के अन्तर्गत शहरों में शहर स्तरीय निविदा के माध्यम से चयनित एजेन्सियों द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे एवं शहरी पथ विक्रेता प्लान (CSVP) तैयार किये जा रहे कार्य की प्रगति समीक्षा हेतु मिशन निदेशक, SULM, UP की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2017 को सभागार, सूडा, उ0प्र0 में बैठक का आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक में SULM-SUDA, UP एवं एजेन्सियों के निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः

1. डा0 वी0के0सिंह, अपर निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
2. डा0 कमल कुमार सिंह, स्टेट मिशन मैनेजर, एस0यू0एल0एम0, उ0प्र0।
3. श्रीमती निधि बाजपेई, परियोजना अधिकारी, डूडा, लखनऊ, उ0प्र0।
4. एजेन्सियों के प्रतिनिधि (उपस्थिति पत्र संलग्न)।

उपरोक्त समीक्षा बैठक में सहारनपुर, मेरठ, वाराणसी, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, गोरखपुर, इलाहाबाद, गाजियाबाद, मुरादाबाद, झांसी एवं आगरा शहरों में सर्वे समाप्ति के पश्चात शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार कर संबंधित शहर की टाऊन वेडिंग कमेटी(TVC) को उपलब्ध कराये जाने और बरेली, मऊ, मथुरा, जौनपुर, लोनी, बुलन्दशहर, उन्नाव, शाहजहॉपुर, सम्भल, हापुड़ मिर्जापुर, फैजाबाद, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर एवं उरई शहरों में सर्वे एवं शहरी पथ विक्रेता प्लान की प्रगति की समीक्षा की गई। उपरोक्त 30 शहरों में कार्य कर रही 10 एजेन्सियों से 9 एजेन्सियों ने प्रतिभाग किया। अमरोहा में कार्य कर रही अरबल जियोक्राफ्ट के प्रतिनिधि के द्वारा व्यक्तिगत कारणों से समीक्षा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया।

**शहरवार प्रगति समीक्षा निम्नवत् हैः–**

**1. सहारनपुर–** शहर में कार्य कर रही एजेंसी युग एसोशिएटस द्वारा अवगत कराया गया कि सहारनपुर में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 8124 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया और शहरी पथ विक्रेताओं पंजीकरण का कार्य प्रगति में है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 28 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को शीघ्र अति शीघ्र SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारंभ हो सके।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU)**

**2. मेरठ–** शहर में कार्य कर रही एजेन्सी युग एसोशिएटस द्वारा अवगत कराया गया कि मेरठ में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 18250 शहर पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध करा दिया गया है। TVC की बैठक का आयोजन होना प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 27 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारंभ हो सके।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेंसी)**

**3. वाराणसी–** शहर में कार्य कर रही एजेंसी बायोटक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि वाराणसी में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 24472 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध करा दिया गया है और 9 लोकेशन को मॉडल वेडिंग जोन

विकसित करने हेतु एजेंसी द्वारा प्रस्ताव DUDA-CMMU को उपलब्ध कराया गया है। TVC के बैठक का आयोजन होना प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 26 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान एवं मॉडल जोन विकसित करने हेतु 9 लोकेशनों के प्रस्ताव को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान एवं मॉडल वेन्डिंग जोन के प्रस्ताव को SUDA-SULM को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारंभ हो सके।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेंसी)

**4. फिरोजाबाद**–शहर में कार्य कर रही एजेंसी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि फिरोजाबाद में सर्वे कार्य पूर्ण एवं सर्वे में 10000 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध करा दिया गया। TVC की बैठक का आयोजन होना प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 26 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को SUDA-SULM को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारंभ हो सके।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेंसी)

**5. लखनऊ**– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि लखनऊ में सर्वे कार्य पूर्ण एवं सर्वे में 26408 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। चिन्हित शहरी पथ विक्रेताओं की जोनवार सूची नगर निगम/DUDA-CMMU को उपलब्ध करा दी गई है।

परियोजना अधिकारी, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम के अनुसार 18000 शहरी पथ विक्रेता है और एजेन्सी द्वारा किये गये सर्वेक्षित 26408 शहरी पथ विक्रेताओं का मिलान के कार्य में एजेंसी द्वारा सहयोग नही मिल पा रहा है। एजेन्सी द्वारा शहरी पथ विक्रेता प्लान को तैयार करने में रूचि नही ली जा रही इसी कारण एजेन्सी के अनुमोदन से लेकर अब तक 26 माह हो गये है और प्लान पूर्ण नहीं हो पाया है जबकि प्लान को मात्र 6 माह में पूर्ण करने के निर्देश है।

**उपरोक्त के आधार पर एजेंसी को सख्त निर्देश दिये गये कि शीघ्र ही पथ विक्रेताओं के मिलान का कार्य पूर्ण कराये जैसा कि दिनांक 11.10.2017 को प्रमुख सचिव महोदय की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिये गये थे। एजेंसी को यह भी चेतावनी दी गई कि लखनऊ में अपना कार्यालय स्थापित करें और निविदा के अनुसार विशेषज्ञ एवं कर्मचारी रखें ताकि प्रत्येक दशा में 30 दिसम्बर 2017 तक शहरी पथ विक्रेता प्लान का कार्य पूर्ण करते हुए TVC से अनुमोदित प्लान SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये। साथ ही साथ एजेंसी को यह भी निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता होने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करते हुए नियमानुसार मय ब्याज धनराशि वसूलने की कार्यवाही की जायेगी।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेंसी)**

**6. कानपुर**– शहर में कार्य कर रही एजेंसी स्टीसेलिट द्वारा अवगत कराया कि कानपुर में सर्वे कार्य पूर्ण एवं सर्वे में 14494 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। एजेंसी द्वारा सर्वे के समय बायोमैट्रिक नही किया गया, जिसके कारण पुनः पथ विक्रेताओं का बायोमैट्रिक लिया जा रहा है, जिसमें लगभग 8000 पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक लिया जा चुका है, अवशेष शहरी पथ विक्रेता बायोमैट्रिक के लिए उपलब्ध नही हो पा रहे है। शहरी पथ विक्रेताओं का बायोमैट्रिक कार्य पूर्ण नही हो पाने के कारण शहरी पथ विक्रेता प्लान पूर्ण नही हो रहा है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 26 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर एजेंसी को निर्देशित किया गया कि DUDA-CMMU/नगर निगम/TVC/पथ विक्रेता संघो से समन्वय करते हुए शहरी पथ विक्रेताओं हेतु कैम्पो/बैठकों आदि का आयोजन करते हुए अवशेष पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक एकत्र की जाये। इस कार्य के उपरान्त TVC के वैलीडेशन हेतु आंकड़े उपलब्ध कराये जाये। एजेंसी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा मे 15 दिसम्बर 2017 तक शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC से अनुमोदित कराते हुए प्लान को SUDA-SMMU को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU/एजेन्सी)

**7. अलीगढ़ –** शहर मे कार्य कर रही एजेन्सी स्टीसेलिट द्वारा अवगत कराया कि अलीगढ़ में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 5470 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। एजेन्सी द्वारा सर्वे के समय बायोमैट्रिक नहीं किया, जिसके कारण पुनः पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक लिया जा रहा है, जिसमें लगभग 2000 पथ विक्रेता के बायोमैट्रिक लिया जा चुका है, अवशेष शहरी पथ विक्रेता नहीं मिल पा रहे हैं। सभी शहरी पथ विक्रेताओं का बायोमैट्रिक कार्य पूर्ण नहीं हो पाने के कारण शहरी पथ विक्रेता प्लान पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभगं 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि DUDA-CMMU/नगर निगम/टी0वी0सी0/पथ विक्रेता संघों से समन्वय करते हुए शहरी पथ विक्रेताओं हेतु कैम्पों/बैठकों आदि का आयोजन करते हुए अवशेष पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक एकत्र किये जायें। अलीगढ़ जैसे शहर में मात्र 5470 शहरी पथ विक्रेता होना विश्वसनीयता से परे है और अधिक शहरी पथ विक्रेताओं को चिन्हित करने हेतु कुछ विशेष लोकेशनों पर पुनः सर्वे के निर्देश दिये गये। इस कार्य के उपरान्त TVC के वैलीडेशन हेतु आंकड़े उपलब्ध कराये जायें। एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में 15 दिसम्बर 2017 तक शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC से अनुमोदित कराते हुए प्लान को SUDA-SMMU को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सकें।**

(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU/एजेन्सी)

**8. गोरखपुर –** शहर मे कार्य कर रहीं एजेन्सी स्काई लाइन द्वारा अवगत कराया गया कि गोरखपुर में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे मे 7757 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित्र हुए हैं। एजेन्सी द्वारा ड्राफ्ट शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है। TVC की बैठक का आयोजन होना प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा मे 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सकें।**

(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU/एजेन्सी)

**9. मुजफ्फरनगर–**शहर में कार्य कर रहीं एजेन्सी स्काई लाइन द्वारा अवगत कराया गया कि मुजफ्फरनगर से सर्वे पूर्व एवं सर्वे मे 4450 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। एजेन्सी द्वारा ड्राफ्ट शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है। TVC से अनुमोदित वेंडिंग जोन की सूची एजेन्सी को अभी तक अप्राप्त है। TVC की बैठक का आयोजन प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 26 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए वेंडिंग जोन की सूची एजेन्सी को उपलब्ध कराते हुए शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा में 15**

**दिसम्बर 2017 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सकें।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

**10. गाजियाबाद**–शहर में कार्य कर रही एजेन्सी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि गाजियाबाद में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 23262 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। एजेन्सी द्वारा ड्राफ्ट शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC के अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया जा चुका है। TVC की बैठक का आयोजन प्रतीक्षारत है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा में 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

**11. झांसी**– शहर में कार्य कर रही एजेन्सी रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेस द्वारा अवगत कराया गया कि झांसी मे सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 7638 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। दिनांक 27.09.2017 को TVC द्वारा शहरी पथ विक्रेता प्लान अनुमोदित कर दिया गया है और फईनल कॉपी भी एजेन्सी द्वारा DUDA-CMMU / नगर निगम को उपलब्ध करा दी गई हैं। एजेन्सी द्वारा दिनांक 31.01.2017 के पत्र के द्वारा द्वितीय किश्त की मांग शहर को प्रस्तुत की गई थीं जाकि अभी तक एजेन्सी को अप्राप्त है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान अति शीघ्र SULM-SUDA की उपलब्ध कराये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

**शहर को यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी के साथ किये गये अनुबन्ध के अनुसार एजेन्सी को भुगतान किये जाने वाली धनराशि का नियमानुसार मांग प्रस्ताव SUDA-SULM को उपलब्ध कराया जाये ताकि एजेन्सी को शहर स्तर से भुगतान प्राप्त हो सके।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

**12. मुरादाबाद**– शहर में कार्य कर रही एजेन्सी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि मुरादाबाद में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे मे 8750 पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। एजेन्सी द्वारा TVC के समक्ष शहरी पथ विक्रेता प्लान का प्रस्तुतीकरण किया जा चुका है, जिसमें TVC द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान की फाईनल प्रति शहर / TVC को उपलब्ध कराई जानी है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेता प्लान को TVC से अनुमोदन कराने हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा में 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि अति शीघ्र TVC द्वारा दिये गये सुझावों के अनुसार प्लान शहर को उपलब्ध कराया जाये।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

**13. इलाहाबाद**– शहर में कार्य कर रही एजेन्सी एन0एफ0 इन्फाटेक द्वारा अवगत कराया गया कि इलाहाबाद में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 13809 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक वेंडिंग जोन / नॉन वेंडिंग जोन की सूची और लैण्ड रिकार्ड नहीं उपलब्ध कराये गये, जिस कारण एजेन्सी द्वारा ड्राफ्ट शहरी पथ विक्रेता प्लान उपलब्ध नहीं कराया जा सका है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 23 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर निगम/TVC से समन्वय करते हुए अति शीघ्र एजेन्सी को वेंडिंग जोन/नॉन वेंडिंग जोन की सूची एवं संबंधित लैण्ड रिकार्ड उपलब्ध कराये जायें, प्लान पूर्ण हो सके और प्रत्येक दशा में 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को TVC से अनुमोदित कराते हुए SULM-SUDA को उपलब्ध कराये जायें ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU/एजेन्सी)

14. आगरा – शहर में कार्य कर रही एजेन्सी युग एसोशिएट द्वारा अवगत कराया गया कि आगरा मे सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 23650 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए हैं। शहर से हुई वार्ता के अनुसार एजेन्सी द्वारा अभी तक TVC के समक्ष प्रस्तुतीकरण हेतु ड्राफ्ट वेंडिंग प्लान नहीं उपलब्ध कराया गया है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 21 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि अति शीघ्र ड्राफ्ट वेंडिंग प्लान का TVC के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया जाये। शहर को निर्देशित किया गया कि प्रस्तुतीकरण हेतु नगर निगम से समन्वय करते हुए TVC की बैठक का शीघ्र से शीघ्र आयोजन कराया जाये। प्रत्येक दशा में 15 दिसम्बर 2017 तक प्लान को TVC से अनुमादित करा कर SULM-SUDA को प्लान उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

<u>शहरी पथ विक्रेताओं हेतु उपरोक्त 14 शहरों में बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर के संबंध में निर्देश–</u>

**भारत सरकार द्वारा DAY-NULM के प्रत्येक लाभार्थी का आधार नम्बर होना अनिवार्य कर दिया है। जिन पथ विक्रेताओं का अगर आधार नम्बर नहीं है तो उनका आधार में इन्रोलमेन्ट कराया जाये और डाटा बेस में उसको अंकित किया जाये। उपरोक्त शहरों की की गई समीक्षा से यह संज्ञान में आया कि शहरों मे एजेन्सियों द्वारा बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर सर्वे के समय नहीं लिये गये।**

**सभी शहरी पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर लिया जाना** अनिवार्य है, जिसके संबंध में पत्रांक– 665/241/NULM/तीन/ 2001(एसयूएसवी), दिनांक 01.11.2017 द्वारा निर्देश जारी किये जा चुके है।

**उपरोक्त सभी शहरों एवं एजेन्सियों को निर्देशित किया जाता है कि शहरी पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक/आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर एकत्र करने हेतु नगर निगम/TVC/पथ विक्रेताओं के संघों से समन्वयन करते हुए बैठकों/कैम्पों का आयोजन किया जाये।**

**सभी शहरों को निर्देशित किया जाता है कि सभी एजेन्सियो से अण्डरटेकिंग ले ली जाये कि जिन शहर पथ विक्रेताओं की बायोमैट्रिक/आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर सर्वे के समय नहीं लिये जा सके उनका बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर शहरी पथ विक्रेताओं के पंजीकरण एवं आई कार्ड बनाये जाने के समय अनिवार्य रूप से ले लिये जायेंगे। समस्त कार्यवाही 1 माह के अन्दर प्रत्येक दशा में पूर्ण की जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU/एजेन्सी)

15. बरेली – शहर में कार्य कर रही एजेन्सी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि बरेली मे सर्वे लगभग पूर्ण होने की स्थिति मे हैं। अब तक 6200 शहरी पथ विक्रेता सर्वेक्षित कर लिये गये हैं।

**उपरोक्त के आधार पर यह संज्ञान मे लिया गया कि एजेन्सी के चयन को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अनुमोदित किये हुए 11 माह व्यतीत हो चुके हैं जबकि शहरी पथ विक्रेता प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह निर्धारित है एवं शहर और एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र से शीघ्र शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे पूर्ण करते हुए नगर निगम/TVC से समन्वयन करते हुए वेंडिंग जोन का निर्धारण करते प्लान को TVC के समक्ष**

**प्रस्तुत किया जाये। साथ ही साथ शहर को निर्देशित किया गया कि नगर निगम से समन्वय करते हुए प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

16. मऊ – शहर में कार्य कर रही एजेन्सी युग एसोशिएट द्वारा अवगत कराया गया कि मऊ में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे मे 2509 शहरी पथ विक्रता चिन्हित हुए हैं। शहर में 4 वेंडिंग जोनो का चिन्हीकरण किया जा चुका है।

**उपरोक्त के आधार पर यह संज्ञान मे लिया गया कि एजेन्सी के चयन को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अनुमोदित किये हुए 11 माह व्यतीत हो चुके हैं जबकि शहरी पथ विक्रेता प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह निर्धारित है एवं शहर और एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र से शीघ्र शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे पूर्ण करते हुए नगर निगम/TVC से समन्वय करते हुए वेंडिंग जोन का निर्धारण करते प्लान को TVC के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। साथ ही साथ शहर को निर्देशित किया गया कि नगर निगम से समन्वयन करते हुए प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

17. मथुरा – शहर मे कार्य कर रही एजेन्सी श्याम ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि मथुरा में सर्वे लगभग पूर्ण होने की स्थिति मे है, अब तक 7000 शहरी पथ विक्रेता सर्वेक्षित कर लिये गये हैं। पथ विकेताओं में जागरूकता/जानकारी के अभाव के कारण सर्वे में समस्या आ रही है।

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा एजेंसी चयन के अनुमोदन किये हुए लगभग 11 माह व्यतीत हो चुके है जबकि प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि मथुरा को नगर निगम बनाये जाने की वजह सम्मिलित नये क्षेत्रों को सर्वे मे अच्छादित करते हुए शीघ्र से शीघ्र सर्वे कार्य समाप्त किया जाये और नगर निगम/TVC/पथ विकेताओं के संघो का सहयोग लेते हुए जागरूकता रैली/कैम्प/बैठकों का आयोजन कराया जाये ताकि सभी पथ विकेताओं को सर्वेक्षित किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि नगर निगम/TVC से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों का निर्धारण कराते हुए प्रत्येक दशा मे TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

18. जौनपुर – शहर में कार्य कर रही एजेन्सी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि जौनपुर मे सर्वे लगभग पूर्ण होने की स्थिति मे हैं। अब तक 2000 शहरी पथ विक्रेता सर्वेक्षित कर लिये गये हैं।

**उपरोक्त के आधार पर यह संज्ञान मे लिया गया कि एजेन्सी के चयन को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अनुमोदित किये हुए 11 माह व्यतीत हो चुके हैं जबकि शहरी पथ विक्रेता प्लान को पूर्ण करने की अवधि 6 माह निर्धारित है एवं शहर और एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र से शीघ्र शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे पूर्ण करते हुए नगर निगम/TVC से समन्वय करते हुए वेंडिंग जोन का निर्धारण कराते हुए प्लान को प्रत्येक दशा मे 10 दिसम्बर 2017 तक शहरी पथ विक्रेता प्लान TVC से अनुमोदित प्लान को SUDA-SMMU को उपलब्ध कराया जाये ताकि राज्य परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

19. लोनी– शहर में कार्य कर रही एजेंसी युग एसोशिएटस द्वारा अवगत कराया गया कि लोनी में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 9600 शहरी पथ विकेता चिन्हित हुए है। TVC का गठन नही होने के कारण वेन्डिग जोनों का निर्धारण नही हो पा रहा है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए अवगत कराया जाये कि प्लान का TVC से अनुमोदन होना अनिवार्य है। एजेंसी चयन**

**का अनुमोदन किये हुए 11 माह व्यतीत हो गये है जबकि 6 माह में प्लान तैयार हो जाना चाहिये था। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।**

**(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

20. **बुलन्दशहर**—शहर में कार्य कर रही एजेंसी केरीटोस ईको सिस्टम द्वारा अवगत कराया कि बुलन्दशहर में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 1318 पथ विक्रेता चिन्हित हुए है और GIS/MIS का कार्य प्रगति में है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए अवगत कराया जाये कि प्लान का TVC से अनुमोदन होना अनिवार्य है। एजेंसी चयन का अनुमोदन किये हुए 11 माह व्यतीत हो गये है जबकि 6 माह में प्लान तैयार हो जाना चाहिये था। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।**

**(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

21. **उन्नाव**— शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेस इनोवेशन द्वारा अवगत कराया गया कि उन्नाव में सर्वे पूर्ण एवं सर्वे में 2750 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है और GIS/MIS का कार्य प्रगति में है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए वेडिंग जोन की सूची एजेंसी को उपलब्ध कराई जाये। एजेंसी चयन का अनुमोदन किये हुए 11 माह व्यतीत हो गये है जबकि 6 माह में प्लान तैयार हो जाना चाहिये था। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।**

**(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

22. **शाहजहॉपुर**—शहर में कार्य कर रही एजेंसी बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट द्वारा अवगत कराया गया कि शाहजहॉपुर में सर्वे लगभग समाप्ति की स्थिति में है, अब तक सर्वे में 2500 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। TVC का गठन नही होने के कारण वेडिंग जोनो का निर्धारण नही हो पा रहा है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए अवगत कराया जाये कि प्लान का TVC से अनुमोदन होना अनिवार्य है। एजेंसी चयन का अनुमोदन किये हुए 4 माह व्यतीत हो गये है जबकि 6 माह में प्लान तैयार हो जाना चाहिये था। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।**

**(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

23. **सम्भल**— शहर में कार्य कर रही एजेंसी श्याम ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि सम्भल में सर्वे कार्य प्रगति में है अभी तक 358 शहरी पथ विक्रेता को चिन्हित किया जा चुका है। पथ विक्रेताओं में जागरूकता / जानकारी के अभाव के कारण सर्वे में समस्या आ रही है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC / पथ विक्रेताओं के संघो का सहयोग लेते हुए जागरूकता रैली / कैम्प / बैठकों का आयोजन कराया जाये ताकि सभी पथ विक्रेताओं को सर्वेक्षित किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों का निर्धारण कराते हुए प्रत्येक दशा मे TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

**(कार्यवाही—संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

24. **हापुड़**— शहर में कार्य कर रही एजेंसी युग एसोशिएट संस्थान द्वारा अवगत कराया गया कि हापुड़ में सर्वे लगभग समाप्ति की स्थिति में है, अब तक 3000 शहरी पथ विक्रेता सर्वे के माध्यम से चिन्हित किये गये है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेन्सी को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC / पथ विक्रेताओं के संघो का सहयोग लेते हुए जागरूकता रैली / कैम्प / बैठकों का आयोजन कराया जाये ताकि सभी पथ विक्रेताओं को सर्वेक्षित किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों**

का निर्धारण कराते हुए प्रत्येक दशा मे TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

25. मिर्जापुर– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेश इनोवेशन द्वारा अवगत कराया गया कि मिर्जापुर में सर्वे कार्य प्रगति में है एवं अब तक 2205 शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे हो गया है और अवशेष सर्वे का कार्य 15 दिसम्बर 2018 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पथ विक्रेताओं में जागरूकता / जानकारी के अभाव के कारण सर्वे में समस्या आ रही है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र से शीघ्र सर्वे कार्य समाप्त किया जाये और नगर पालिका परिषद / TVC / पथ विक्रेताओं के संघो का सहयोग लेते हुए जागरूकता रैली / कैम्प / बैठकों का आयोजन कराया जाये ताकि सभी पथ विक्रेताओं को सर्वेक्षित किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों का निर्धारण कराते हुए प्रत्येक दशा में TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

26. फैजाबाद– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेश इनोवेशन द्वारा अवगत कराया गया कि फैजाबाद में सर्वे कार्य प्रगति में है एवं अब तक 1955 शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वे हो गया है और अवशेष सर्वे का कार्य 31 दिसम्बर 2017 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पथ विक्रेताओं में जागरूकता / जानकारी के अभाव के कारण सर्वे में समस्या आ रही है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र से शीघ्र सर्वे कार्य समाप्त किया जाये और नगर पालिका परिषद / TVC / पथ विक्रेताओं के संघो का सहयोग लेते हुए जागरूकता रैली / कैम्प / बैठकों का आयोजन कराया जाये ताकि सभी पथ विक्रेताओं को सर्वेक्षित किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद / TVC से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों का निर्धारण कराते हुए प्रत्येक दशा में TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

27. अमरोहा– शहर में कार्य कर रही एजेंसी अरबन जियोक्राफ्ट के के प्रतिनिधि के द्वारा व्यक्तिगत कारणों से समीक्षा बैठक में प्रतिभाग नही किया गया। एजेंसी से दूरभाष पर हुई वार्ता के अनुसार अमरोहा में सर्वे पूर्ण एवं 3894 शहरी पथ विक्रेता चिन्हित हुए है। नगर पालिका परिषद से वेडिंग जोनो / नान वेडिंग जोनों की सूची नही प्राप्त होने के कारण प्लान तैयार करने में देरी लग रही है।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि नगर पालिका परिषद से समन्वय करते हुए वेडिंग जोनों / नान वेडिंग जोनों की सूची शीघ्र अति शीघ्र एजेंसी को उपलब्ध कराया जाये ताकि प्लान पूर्ण किया जा सके। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में TVC से अनुमोदित प्लान को 15 जनवरी 2018 तक SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

28. हरदोई– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेश इनोवेशन द्वारा अवगत कराया कि हरदोई में सर्वे कार्य प्रगति में है, अब तक 2214 शहरी पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर लिया गया। एजेंसी द्वारा अवगत कराया कि सर्वे का कार्य 15 दिसम्बर 2017 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सर्वे कार्य में तेजी लाते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक सर्वे का कार्य पूर्ण करते हुए, प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)

29. फतेहपुर– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेश इनोवेशन द्वारा अवगत कराया गया कि फतेहपुर में सर्वे कार्य प्रगति में है, अब तक 1809 शहरी पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर लिया गया है। एजेंसी द्वारा अवगत कराया कि सर्वे का कार्य 15 दिसम्बर 2017 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सर्वे कार्य में तेजी लाते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक सर्वे का कार्य पूर्ण करते हुए, प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

30. उरई– शहर में कार्य कर रही एजेंसी बिजनेश इनोवेशन द्वारा अवगत कराया गया कि उरई में सर्वे कार्य प्रगति में है, अब तक 1707 शहरी पथ विक्रेताओं को चिन्हित कर लिया गया। एजेंसी द्वारा अवगत कराया कि सर्वे का कार्य 15 दिसम्बर 2017 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

**उपरोक्त के आधार पर शहर एवं एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सर्वे कार्य में तेजी लाते हुए 15 दिसम्बर 2017 तक सर्वे का कार्य पूर्ण करते हुए, प्रत्येक दशा में 15 जनवरी 2018 तक TVC से अनुमोदित प्लान को SULM-SUDA को उपलब्ध कराया जाये।**

**शहरी पथ विक्रेताओं हेतु बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर के संबंध में निर्देष–**

**उपरोक्त बरेली, मऊ, मथुरा, जौनपुर, लोनी, बुलन्दषहर, उन्नाव, शाहजहॉपुर, सम्भल, हापुड़, मिर्जापुर, फैजाबाद, अमरोहा, हरदोई, फतेहपुर व उरई शहरों एवं एजेन्सियों को निर्देशित किया जाता है कि सभी शहरी पथ विक्रेताओं के बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर सर्वे के दौरान लिया जाना अनिवार्य है, जिसके संबंध में पत्रांक–665/241/NULM/तीन/2001(एसयूएसवी), दिनांक 01.11.2017 द्वारा निर्देश जारी किये जा चुके है। प्रत्येक दशा में सभी सर्वेक्षित शहरी पथ विकेताओं का बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर लिया जाना भारत सरकार के निर्देशानुसार अनिवार्य है। जिन शहरों में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है वे शहर नगर निकाय/TVC/पथ विक्रेताओं के संघों से समन्वयन करते हुए बैठकों/कैम्पों का आयोजन करते हुए सभी पथ विकेताओं का बायोमैट्रिक, आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर लिये जाने हेतु कार्यवाही की जाये।**

**(कार्यवाही–संबंधित DUDA-CMMU / एजेन्सी)**

उपरोक्त सभी शहरों एवं एजेंसियों को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार सभी कार्य समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**संलग्नकः** यथोपरि।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

राज्य शहरी आजीविका मिषन, उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण–सूडा, उ0प्र0)

पत्रांक–794/241/NULM/तीन/2001(SUSV) दिनांक 29-11-17

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0शासन।
2. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उपरोक्तानुसार।
3. सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, उपरोक्तानुसार।
4. परियोजना अधिकारी, डूडा, उपरोक्तानुसार।
5. उपरोक्त सभी शहरों में कार्य कर रही एजेन्सियों–युग एसोसिएट, बायोटेक वेस्ट, मैनेजमेंट प्रा0लि0, स्काई लाईन, स्टीसेलिट सिस्टम लिं0, एन0एफ0इन्फाटेक प्रा0 लि0, रूद्धाभिषेक इन्टरप्राइजेज, बिजनेश इनोवेशन, श्याम ग्रामोद्योग, अरबन जियोकाफ्ट प्रा0लि0, केरीटोस ईको सिस्टम प्रा0लि0 को समयबद्ध उपरोक्तानुसार कार्य करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

DAY-NULM के घटक SUSV के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेता प्लान (CSVP) कार्य की प्रगति समीक्षा हेतु उपस्थिति पत्र, दिनांक 16.11.17, सभागार, सूडा उ0प्र0

| क्र. सं. | एजेन्सी का नाम | प्रतिनिधि का नाम एवं पद नाम | मोबाईल न0 | ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | REPL - New Delhi | SUDHAKAR SHARMA Manager-GIS | 8010207303 | sudhakar.sharma@replinfosys.com | Sharma |
| 2) | REPL - New Delhi | Rahul Dabra Bhartiya. Planning Division | 8287586669 | rahul.dabra@replurbanplanners.com | [signature] |
| 3) | NFInfratech - New Delhi | Abhishek Kumar Singh G.I.S-Expert | 9582401854 | abhishek@nfinfratech.com | [signature] |
| 4) | Shubham Rana Caritas Eco Systems Pvt. Ltd N. Delhi | Shubham Rana | 9818393717 | Shubham@Caritaseco.in | S. Rana 16/11/2017 |
| 5. | B. Dwarakanath Sai Skyline Archicon Pvt. LTD. Hyderabad. | B. Dwarakanath Sai Urban Planner | 9293051992 | myahoo10@gmail.com | [signature] |
| 6 | Bio-Tech Waste Management Pvt LTD | V. K. Sharma | 9837409757 | btwmp@yahoo.in | [signature] |
| 7. | Business Innovation | Ashutosh Dubey Mohit Singh | 9044095977 88 | info@businessinnovations.in | [signature] |
| 8 | Shyam gramodyog sansthan mathura Sambhal | Hindesh kumar Project ma | 8958429973 | Shindesh7440@gmail.com | Hindesh |
| 9 | Stesalit Systems Limited | Sunil Thakur Project Manager | 9874212310 | Suniel3.stesalit@gmail.com | Sunil |
| | | | | | |
| | | | | | |